<u>समाचार</u>

# महापौर ने दिव्यांग विरेन्द्र दास को ट्रायसिकल प्रदान की




कोरबा 06 नवम्बर 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत रामनगर बस्ती के निवासी दिव्यांग श्री विरेन्द्र दास को ट्रायसिकल प्रदान की, उन्होने श्री दास को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, इस मौके पर पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, धनश्री साहू एवं प्रीति दिनेश शर्मा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, अजय साहू, दिनेश शर्मा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली रामनगर बस्ती के निवासी श्री विरेन्द्र दास पैरों से दिव्यांग हैं तथा उन्हें कहीं भी आने–जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, आज निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने श्री दास को ट्रायसिकल प्रदान की तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर श्री विरेन्द्र दास ने महापौर श्रीमती राजपूत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया तथा कहा कि ट्रायसिकल प्राप्त हो जाने के कारण अब मुझे कहीं भी आने–जाने में किसी प्रकार की असुविधा व परेशानी नहीं होगी।